भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*11

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

एसडीएस 2.0 तथा 'प्रसाद' योजनाएं

†*11. श्री शशांक मणि:

श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना तथा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के अंतर्गत देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संस्वीकृत, जारी की गई और उपयोग में लाई गई कुल धनराशि का घटक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजनाओं के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश का कोई प्रस्ताव अनुमोदन हेतु लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने 'प्रसाद' योजनाओं का आकलन करने के लिए कोई निगरानी तंत्र या परिणाम संकेतक स्थापित किए हैं और क्या 'प्रसाद' स्थलों का निर्माण कार्य पूरा होने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में 'प्रसाद' स्थलों की स्वीकृति के बाद से सभी 'प्रसाद' स्थलों पर आगंतुकों की दर्ज की गई संख्या का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक परियोजना की स्थल और वर्ष-वार अद्यतन स्थिति क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन 2.0 अथवा किसी अन्य केन्द्रीय पर्यटन योजना के अंतर्गत मौजूदा आध्यात्मिक और बौद्ध पर्यटन परिपथों के साथ एकीकरण के लिए देवरिया जिले सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में किन्हीं विरासत, आध्यात्मिक या सांस्कृतिक स्थलों की पहचान की है अथवा उनका मूल्यांकन किया है; और

(च) क्या सरकार का विचार क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने और स्थानीय रोजगार सृजित करने के लिए ऐसे गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना, पर्यटक सुविधाओं और अंतिम छोर तक संपर्क में सुधार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री शशांक मणि और श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा एसडीएस 2.0 तथा 'प्रसाद' योजनाओं के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*11 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(क): पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन 2.0' और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के नाम से नया रूप दिया है। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत, पर्यटकों को बेहतर पर्यटन सुविधाएं और अनुभव प्रदान करने के लिए गंतव्य स्तर पर परियोजनाओं को मंजूरी दी जाती है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत 2,207.08 करोड़ रुपए की कुल स्वीकृत राशि की 53 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

जनवरी 2015 में 'प्रशाद' योजना की शुरुआत के बाद से, मंत्रालय ने 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 1726.74 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 54 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पिछले पांच वर्षों के दौरान 'स्वदेश दर्शन 2.0' और 'प्रशाद' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ, जैसे 'स्वदेश दर्शन', 'स्वदेश दर्शन 2.0' और 'प्रशाद' में पर्यटन अवसंरचना के विकास और संवर्धन संबंधी प्रावधान है, जिसका उद्देश्य पर्यटन सुविधाओं में सुधार करना और बेहतर पर्यटक अनुभव प्रदान करना है। यद्यपि, ये परियोजनाएँ संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं, तथापि पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से उनकी प्रगति की निगरानी करता है और संबंधित प्राधिकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करता है। स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी और उसे गति प्रदान करने तथा राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों का मार्गदर्शन करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करता है। इसके अतिरिक्त, योजना दिशानिर्देशों के अनुसार केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति तथा मिशन निदेशालय की बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय सुविधाओं के परिणामों और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का तीसरे पक्ष द्वारा प्रभाव मूल्यांकन कराता है। वर्ष 2021 में आईआईएम रोहतक द्वारा 'प्रशाद' नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के मूल्यांकन संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना ने पर्यटकों की संतुष्टि, यात्रा में सुगमता और चयनित विरासत स्थलों के सौंदर्य पहलुओं को बढ़ाने में मदद की है। साथ ही, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि योजना से पर्यटकों के समग्र उपयोगकर्ता अनुभव में वृद्धि हुई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत आंध्र प्रदेश में सभी प्रशाद स्थलों पर दर्ज की गई पर्यटकों की संख्या का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ङ): गंतव्यों का मूल्यांकन, पहचान और तदनुसार अवसंरचना का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, सरकारी निर्देशों, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने और पर्यटकों की यात्राओं को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0 और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत देश भर में विरासत, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें देवरिया जिले सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश शामिल हैं। उपरोक्त योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(च): पर्यटन मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ जैसे स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0 और 'प्रशाद' का उद्देश्य सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना की उपलब्धता के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना है, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधा, पहुंच, स्वच्छता, अंतिम छोर तक संपर्कता आदि दी जा सके। उपर्युक्त योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना का विकास क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों की संख्या बढ़ाने और स्थानीय रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से समग्र रूप से सुनिश्चित किया जाता है।

*****

अनुबंध

श्री शशांक मणि और श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा एसडीएस 2.0 तथा 'प्रसाद' योजनाओं के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*11 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	बापतला	सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास	आगमन और आगंतुक अनुभव में सुधार, शॉपिंग स्ट्रीट का विकास, पार्किंग, नहर से जुड़े अनुभव का विकास, समुद्र तट पर पर्यटक सुविधाएं, और अन्य।	29.03.2025	97.52	48.76
2.	आंध्र प्रदेश	अरक्कू-लम्बासिंगी	अरक्कू में बोर्रा केव अनुभव	गुफा, प्रवेश द्वार, पार्किंग, मार्केट स्ट्रीट, आगमन प्लाजा का विकास, आगंतुक केंद्र, गुफा की प्रकाश व्यवस्था, प्रोजेक्शन मैपिंग, और अन्य।	05.03.2024	29.88	14.94
3.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	प्रवेश प्लाजा, टोंगा ड्रॉप ऑफ और पिक अप जोन, पार्किंग क्षेत्र, ओएटी, संकेतक, शौचालय, कूड़ेदान, स्मारिका की दुकानें, सीसीटीवी, पर्यटकों के लिए सुविधाएं और अन्य।	05.03.2024	18.48	9.24
4.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	प्रवेश प्लाजा, ड्राप ऑफ और पिक अप जोन, संकेतक, टिकट क्षेत्र, पर्यटक सुविधाएं, वे फाइंडिंग, साहसिक गतिविधि क्षेत्र, आवास, पाथवे, सैरगाह, कैंपिंग,	05.03.2024	12.75	6.38

				सीसीटीवी, स्मारिका की दुकानें और अन्य।			
5.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	ड्रॉप ऑफ और पिक अप ज़ोन, पर्यटक सूचना कियोस्क, टिकट काउंटर, स्मारिका की दुकानें, सूचना पैनल, वे फाइंडिंग, शौचालय, पेयजल कियोस्क, किराए पर साइकिलें, इको कॉटेज, कैंपिंग स्थल और लक्जरी टेंट आवास।	05.03.2024	14.02	7.01
6.	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड अनुभव	पार्किंग, ई-रिक्शा स्टैंड, बैटरी संचालित गाड़ियां, टिकट काउंटर, पर्यटक सुविधाएं, ऑडियो गाइड, वे फाइंडिंग, इको कॉटेज, रेस्तरां, वॉच टावर, व्यूइंग डेक, जेट्टी, सीसीटीवी, व्याख्या केंद्र आदि।	05.03.2024	26.68	13.34
7.	असम	जोरहाट	रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	प्रवेश द्वार, पार्किंग, बैटरी संचालित गाड़ियाँ, सूचना केंद्र, टिकट काउंटर, डिजिटल गैलरी, निर्देशित भ्रमण, वे फाइंडिंग, बैठने के क्षेत्र, शौचालय, कूड़ेदान, कॉटेज, ग्लैम्पिंग, स्मारिका की दुकानें, रेस्तरां, टी टेस्टींग कियोस्क, सीसीटीवी, पेयजल कियोस्क आदि।	05.03.2024	23.88	11.94
8.	बिहार	बोधगया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	ध्यान केंद्र और सेवा ब्लॉक का निर्माण, स्थल विकास, भूनिर्माण, जल संचय आदि।	29.03.2025	165.44	16.54

9.	छत्तीसगढ़	कवर्धा	भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा	भोरमदेव मंदिर, चेरकी महल और मडवा महल का सौंदर्यीकरण, राम चुवा मंदिर और सरोदा बांध पर विकास कार्य।	29.03.2025	146.00	14.6
10.	दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव	दमन	दमन कन्वेंशन सेंटर	सम्मेलन केंद्र का सिविल कार्य, सुरक्षा कार्य, सेवाएं, आंतरिक और बाहरी विकास कार्य।	29.03.2025	147.13	-
11.	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक अनुभव	पर्यटन सुविधा केंद्र, मछली पकड़ने का डेक, फूड कियोस्क, पर्यटक सुविधाएं, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग, टोर्डा झील विकास, टोर्डा, एम्ब्रिना और पैटोना में क्रीक सैरगाह और अन्य।	20.08.2024	24.07	12.04
12.	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच अनुभव	आगमन प्लाज़ा, पार्किंग, हॉकर ज़ोन, शॉपिंग क्षेत्र, गज़ेबो, पर्यटक सुरक्षा ब्लॉक, सीसीटीवी, संकेतक, स्ट्रीट फ़र्नीचर और अन्य	20.08.2024	19.89	9.95
13.	हरियाणा	पंचकुला	टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास	पार्किंग, एडवेंचर पार्क के लिए टिकट काउंटर, फूड कियोस्क, शौचालय ब्लॉक, रेस्तरां, कांच की वेधशाला, गज़ेबो, हॉटेंड हाऊस, स्विस टेंट, व्यूइंग टावर, ओएटी, प्रकाश व्यवस्था और प्रदीप्तीकरण आदि।	29.03.2025	26.68	2.67
14.	हरियाणा	पंचकुला	यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प	पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, प्रदीप्तीकरण, दुकानें, टिकट काउंटर, शीश महल, रंग महल, रानी महल का संरक्षण,	29.03.2025	65.82	6.58

				सम्मेलन केंद्र, रूफ टॉफ रेस्तरां, फव्वारा नवीनीकरण, सीसीटीवी आदि।			
15.	हिमाचल प्रदेश	चिंतपूर्णी	मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास	दर्शन के लिए तीर्थयात्रा सुविधाओं सहित क्यू-कॉम्प्लेक्स, मंदिर स्तर पर कवर्ड पाथवे, क्यू-कॉम्प्लेक्स के लिए आरओ प्लांट और पेयजल सुविधा ठोस, अपशिष्ट प्रबंधन, कूड़ेदान सूचनात्मक आंतरिक संकेतक, क्यू-कॉम्प्लेक्स के लिए एलईडी फेफेड इल्यूमिनेशन, परिसर के बाहरी हिस्से के चारों ओर एलईडी लाइटिंग, मंदिर के पवित्र अपशिष्ट को हवन सामग्री में बदलना, वे-फाइडिंग बाहरी संकेतक आदि	04.07.2025	56.26	5.63
16.	कर्नाटक	मैसूरु	ईकोलोजिकल अनुभव क्षेत्र	प्रवेश प्लाजा, इको टॉवर, इको ब्रिज, लेक वॉक, कैनोपी वॉक, फूड प्लाजा और कियोस्क, रोप ब्रिज और डिजिटल इंस्टॉलेशन।	05.03.2024	18.48	1.85
17.	कर्नाटक	मैसूरु	टोंगा राइड हेरिटेज अनुभव क्षेत्र	टोंगा स्टैंड, घोड़े का अस्तबल और डिजिटल सुविधाएं	29.02.2024	2.72	0.27
18.	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	ट्रैवलर्स नूक (पर्यटक सुविधाएं) तीन श्रेणियां: नोबल, रॉयल और इंपीरियल में तथा डिजिटल प्रतिष्ठान।	29.02.2024	25.64	2.56

19.	केरल	अलप्पुझा	अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड	बीच फ्रंट का विकास, पैदल मार्ग, पार्किंग, बैठने की जगहें, संकेतक, कार्यक्रम स्थल, सीसीटीवी, बोट जेट्टी का विकास, जन सुविधाएं, अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का विकास, आदि।	29.03.2025	93.18	46.59
20.	केरल	मलमपुझा	मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना	मलम्पूझा उद्यान का पुनर्विकास, थीम पार्क, फव्वारे, मनोरंजन क्षेत्र, गवर्नर सीट, मनोरंजन पार्क, जेन ब्लूम पार्क, कारवां पार्क, सीसीटीवी आदि।	29.03.2025	75.87	37.94
21.	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य अनुभव	पैदल यात्री पुल, व्याख्या केंद्र का उन्नयन, सार्वजनिक स्थान, बोर्ड वॉकवे, वॉच टावर, डिजिटल कियोस्क, संकेतक आदि।	05.03.2024	13.81	6.91
22.	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	प्रवेश द्वार, पार्किंग, टिकट काउंटर, सूचना केंद्र, जैव विविधता क्षेत्र व्याख्या केंद्र, पर्यटक सुविधाएं, ई-बग्गी स्टैंड, साइकिल ट्रैक, बैटरी संचालित गाड़ियां, किराए पर साइकिलें, शौचालय, स्मारिका की दुकानें, भोजनालय, रेस्तरां, नौका विहार सुविधा आदि।	05.03.2024	23.17	2.32
23.	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज अनुभव	पार्किंग, पेर्गोला, टिकट काउंटर, प्रतीक्षा क्षेत्र, पर्यटक सुविधा केंद्र, सैरगाह, झूलता पुल, रस्सी का पुल, संकेतक, बैठने की जगह,	05.03.2024	11.91	5.96

				शौचालय, पेयजल सुविधा, ग्लैम्पिंग टेंट, कैफे, सेब बाग अनुभव, ओपन म्यूजियम, सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था, ऑडियो गाइड आदि।			
24.	लक्षद्वीप	बंगारम	बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास	ईको हट्स, निरोगिता केंद्र, एमआईसीई के लिए सम्मेलन कक्ष, आगंतुक प्रतीक्षा क्षेत्र, स्कूबा डाइविंग केंद्र, जल क्रीड़ा केंद्र, छात्रावास, कैंटीन, खेल का स्थान, सीसीटीवी, वेफाइंडिंग, पर्यटक सुविधाएं आदि।	29.03.2025	81.18	8.12
25.	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव	आगमन, आगमन क्षेत्र में पार्किंग और यातायात प्रबंधन, ऑन-साइट टिकटिंग और प्रतीक्षा क्षेत्र, व्याख्या केंद्र की सुविधा, निर्देशित भ्रमण, ऑडियो गाइड, सूचना, संकेतक, वे फाइंडिंग, सार्वजनिक शौचालय, स्मारिका और अन्य खुदरा दुकानें, खाद्य एवं पेय पदार्थ आदि।	05.03.2024	27.22	13.61
26.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग अनुभव जोन	आगमन, आगमन क्षेत्र में पार्किंग और यातायात प्रबंधन, ऑन-साइट टिकटिंग और प्रतीक्षा क्षेत्र, व्याख्या सुविधा, सार्वजनिक शौचालय, स्मारिका और अन्य खुदरा दुकानें, खाद्य एवं पेय पदार्थ	29.02.2024	16.74	8.37

27.	मध्य प्रदेश	दतिया	पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास	आगंतुकों के लिए सुविधाएं (उद्यान, शौचालय और पेयजल सुविधाएं), व्याख्या केन्द्र (धार्मिक स्मृति मंदिर की यात्रा), स्मार्ट डिस्प्ले प्रणाली, रोटरी विकास, वाणिज्यिक दुकानों सहित बहुस्तरीय पार्किंग परिसर, खुले और आच्छादित पैदल मार्ग, सूचनात्मक और दिशासूचक संकेतक आदि।	14.07.2025	44.24	22.12
28.	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि थीम पार्क	लोहागढ़ किले की प्रतिकृति, आकर्षण केंद्र जो इंटरैक्टिव सिमुलेशन और ऐतिहासिक पुनर्निर्माण के माध्यम से गहन और शैक्षिक अनुभव प्रदान करता हो, तटबंधी जिसमें पूरे परिसर के चारों ओर 1.5 किलोमीटर लंबी घाट जैसी सीमा हो।	21.09.2024	75.47	37.74
29.	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स अनुभव	नेचर ट्रैल, टिकट काउंटर और दुकानें, शौचालय ब्लॉक, पार्किंग, पैदल यात्री पुल, संकेतक और स्ट्रीट फ़र्नीचर, बैठने के लिए डेक आदि।	05.03.2024	27.61	13.81
30.	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव अनुभव	मेघालयन एज अनुभव गैलरी, आगमन, पिकअप और ड्रॉप ऑफ जंक्शन, सड़कें, सॉफ्टस्केपिंग आदि।	04.03.2024	32.45	16.23

31.	मिजोरम	चम्फाई	केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव	कॉसमॉस फूल बागान और बागवानी, पैदल मार्ग, नौका विहार डेक, कॉटेज, कैफेटेरिया, सम्मेलन कक्ष, जल क्रीड़ा सुविधाएं, स्मारिका की दुकानें आदि।	29.03.2025	38.85	19.43
32.	मिजोरम	चम्फाई	विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई	बहुउद्देशीय हॉल, मीटिंग रूम, रिसेप्शन और बिजनेस लाउंज, कैफेटेरिया, व्यूइंग डेक, सार्वजनिक शौचालय, लैंडस्केपिंग आदि।	29.03.2025	33.87	16.94
33.	मिजोरम	आइजोल	सम्मेलन केंद्र का निर्माण	मुख्य भवन और संबद्ध सेवाएं, छात्रावास, आवास सुविधाएं, कर्मचारियों के रहने के लिए कमरे, आंतरिक सड़कें और पार्किंग अवसंरचना स्थल विकास, रिटेनिंग वॉल और वर्षा जल संचयन प्रणाली लैंडस्केपिंग, फुटपाथ और सड़क पर प्रकाश व्यवस्था आंतरिक साज-सज्जा, कलाकृतियाँ और अन्य सहायक अवसंरचना	10.11.2025	99.71	49.86
34.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव	टिकट क्षेत्र/रिसेप्शन, लॉग हट, वॉच टावर, ज़िप लाइन, बंबू पिकनिक हट, शिल्प हाट, स्मारिका की दुकान, कैफेटेरिया, एडवेंचर उपकरण, पार्किंग, शौचालय आदि।	29.03.2025	32.54	16.27
35.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर	पर्यटक क्षेत्र, स्मारिका की दुकान, सुविधा केंद्र,	20.08.2024	7.87	3.94

			इको- पर्यटन अनुभव	सुलभ कियोस्क व्यू पॉइन्ट, ट्रेकिंग मार्ग, पार्किंग, शौचालय आदि।			
36.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव	बांस की झोपड़ियाँ, स्मारिका की दुकान और स्थानीय विपणन स्टॉल, कैफेटेरिया, जनजातीय प्रदर्शन क्षेत्र, टिकट काउंटर, ओपन एयर थिएटर, पिकनिक हट, शौचालय आदि।	05.03.2024	21.57	10.79
37.	पुदुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट अनुभव	पार्किंग, ग्लैम्पिंग, रिटेल एंड फूड, पर्यटक सुविधा केंद्र और कृत्रिम सर्फिंग क्षेत्र, सार्वजनिक सुविधाएं और उपयोगिताएं, इंटरैक्टिव पोर्टल, सेल्फी पॉइंट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, आदि।	05.03.2024	20.3	-
38.	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन अनुभव	प्रवेश द्वार, भित्ति चित्र और वाहन चेक पोस्ट, पंजीकरण/सूचना काउंटर, संकेतक और मानचित्र, शौचालय ब्लॉक, चिकित्सा सुविधा, कूड़ेदान आदि, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, बूम बैरियर के साथ पार्किंग, पंजीकरण के लिए डिजिटल कियोस्क, इमर्सिव गैलरी आदि।	20.08.2024	25.91	2.59
39.	पंजाब	कपूरथला	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन अनुभव	आगमन, पार्किंग और यातायात प्रबंधन, टिकट बुकिंग, व्याख्या सुविधा, सूचना, संकेतक, वे फाइंडिंग, सार्वजनिक शौचालय, स्मारिका और खुदरा	05.03.2024	19.56	1.96

				बिक्री, भोजन और पेय पदार्थ, आवास आदि।			
40.	राजस्थान	सीकर	श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य	व्याख्या केंद्र (डिजिटल संग्रहालय/प्रदर्शनी), कथा पंडाल, ओपन एयर थिएटर, साउंड एंड लाइट शो, मेला मैदान, कैफेटेरिया, पार्किंग, फूड कोर्ट, शौचालय, संकेतक आदि।	29.03.2025	87.87	8.79
41.	राजस्थान	बूंदी	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव	पार्किंग और प्रवेश प्लाजा, ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए वेबसाइट विकास, व्याख्या केंद्र और टिकट क्षेत्र, घाट विकास और आरती मंच, संकेतक और वेफाइंडिंग, शौचालय और शॉवर क्षेत्र, भोजनालय और पर्यटक सुविधाएं, नाव और जेटी आदि।	29.02.2024	21.65	2.17
42.	राजस्थान	बीकानेर जिला	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य	पर्यटन सुविधा केंद्र, मेला मैदान का विकास, आच्छादित मंदिर मार्ग, पार्किंग अवसंरचना पाथवे और पहुंच मार्ग का विकास, ओपन एयर थिएटर (ओएटी) दुकानें और कियोस्क सार्वजनिक सुविधाएं और आगंतुक सुविधाएं संकेतक और वे फाइंडिंग अवसंरचना विद्युत, सीसीटीवी और डिजिटल डिस्प्ले अवसंरचना	14.07.2025	22.58	11.29
43.	राजस्थान	मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा)	मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा	प्रवेश और स्थल विकास अवसंरचना पार्किंग सुविधा	14.07.2025	48.73	24.37

			जिले का विकास	लैंडस्केपिंग एवं स्थल सौंदर्यीकरण भोजनशाला और किचन सुविधाएं बहुउद्देशीय भवन (ध्यान कक्ष, कथा पंडाल, सम्मेलन कक्ष और व्याख्या केंद्र) सभा स्थल मैदान और मंच, प्रतीक्षा कक्ष, ओपन एयर थिएटर, आंतरिक सड़कें और मंदिर संपर्कता अवसंरचना, बाउंडरी वॉल का निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक सुविधाएं और आगंतुक सुविधाएं, संकेतक और वे फाइंडिंग अवसंरचना आंतरिक एवं बाह्य विद्युत कार्य, सीसीटीवी निगरानी और नेटवर्किंग अवसंरचना			
44.	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस अनुभव	हिमालयन निरोगता केन्द्र, विलेज ट्रेक आदि।	05.03.2024	15.41	7.71
45.	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	सजातीय प्रवेश द्वार, ड्रॉपऑफ़, पिक-अप पॉइंट और प्रवेश प्लाज़ा, व्याख्या केंद्र, पैदल मार्ग, सिक्किम ऑर्गेनिक हाट, रेस्तरां, लैंडस्केपिंग आदि।	29.02.2024	22.6	11.3
46.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में गहन अनुभव	प्रवेश द्वार, आगमन प्लाज़ा, पार्किंग, शौचालय, व्याख्या केंद्र, कैफेटेरिया और	29.02.2024	30.02	-

				स्मारिका की दुकानें, तट संबंधी सुविधाएं और उपयोगिताएँ, आदि।			
47.	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	ग्लैम्पिंग, पार्किंग, ई-वाहन और चार्जिंग स्टेशन, साइकिल और साइकिल पार्किंग आदि।	05.03.2024	38.01	19.01
48.	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	प्रवेश प्लाजा, स्थल सुधार और पर्यटन सुविधाओं का विकास, विरासत संरचनाओं का जीर्णोद्धार, रोपवे का विकास आदि।	29.02.2024	56.82	5.68
49.	त्रिपुरा	अगरतला	अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2)	रेस्तरां, जनजातीय झोपड़ियाँ/लॉग हट, खुदरा दुकानें, प्रोजेक्शन मैपिंग, सूचना कियोस्क, गज़ेबो, वेबसाइट और ऐप, गार्डन कैफे, संगीत प्रस्तुति ब्लॉक, लैंडस्केपिंग, शौचालय, आदि।	29.03.2025	48.95	24.48
50.	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस अनुभव	टूरिस्ट नोड, वैदिक ट्रैल, डेक, जेट्टी, लाइट एंड साउंड शो आदि।	05.03.2024	17.8	-
51.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव	पर्यटक सूचना केंद्र + एआर/वीआर सुविधा, आज़ाद मेमोरियल प्लाज़ा का जीर्णोद्धार, लैंडस्केपिंग, एडवेंचर पार्क, ट्रेवलर नूक, बस, पार्किंग, शौचालय आदि।	05.03.2024	14.52	1.45
52.	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन अनुभव	प्रवेश प्लाजा, टी अनुभव, जंगल स्टोरी ट्रेल, इको आवास, चाय संग्रहालय का संरक्षण आदि।	05.03.2024	19.89	1.99

53.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव	आगंतुक केंद्र, हाट और कैफे, रेस्तरां सहित कॉटेज, कॉटेज, शौचालय ब्लॉक, आगंतुक केंद्र प्रबंधन और ऑडियो गाइड आदि।	05.03.2024	17.86	1.79
कुल						**2207.08**	**645.83**

पिछले 5 वर्षों में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**प्रमुख घटक**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम	• तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र • घाट की सड़क का विकास (वॉच टावरों के साथ व्यूपॉइंट और पार्किंग, सीढ़ियों का उन्नयन) • एम्फीथिएटर के साथ मंदिर संबंधी सुविधाएं और अवसंरचना (प्रदीप्तीकरण, सीढ़ियों का विकास, पार्किंग, यज्ञशाला) • रसोई मशीनीकरण • बहुउद्देशीय हॉल • सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास (संवर्धित वास्तविकता (एआर) सेटअप के साथ मल्टीमीडिया केंद्र, इलेक्ट्रिक मिनी वैन, साइनेज, बैगेज स्क्रीनिंग, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर • नए घाट रोड का प्रवेश द्वार (315 आर.एम. तूफान जल निकासी के साथ स्थल की अवसंरचना का विकास)	2022-23	54.04	27.37
2.	आंध्र प्रदेश	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थाटन पर्यटन अवसंरचना का विकास	• अन्नदानम डाइनिंग हॉल का निर्माण • क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण • रिटेनिंग वॉल • सत्यगिरी पहाड़ी पर अवसंरचना (शौचालय ब्लॉक, विद्युतीकरण, जलापूर्ति और स्वच्छता कार्य,	2024-25	25.33	13.79

			सौर प्रकाश, भूदृश्यांकन, पेयजल एटीएम) • 0.5 एमएलडी क्षमता का एसटीपी • इलेक्ट्रिक परिवहन (इलेक्ट्रिक वैन, ईवी बग्गी, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन) • अग्निशमन और सुरक्षा प्रणाली			
3.	बिहार	आमी मंदिर, सारण जिला का विकास	• दुकानें तथा कियोस्क, • घाट का विस्तार एवं व्यूईंग डेक • कोलोनेड और हाई प्लिंथ, • पार्किंग और संबंधित सुविधाएं, • नालियों और उपयोगी नलिकाओं के साथ-साथ एप्रोच रोड को चौड़ा करना • सोलर स्ट्रीट लाइट	2024-25	13.29	-
4.	गोवा	बोम जीसस बेसिलिका का विकास	• प्रकाश व्यवस्था	2024-25	16.46	5.27
5.	गुजरात	अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	• अंबाजी मंदिर (टीएफसी, एप्रोच रोड, पाथवे, पार्किंग, टॉयलेट ब्लॉक, ड्रेनेज) में पहल • गब्बर हिल के लिए एप्रोच रोड (टॉयलेट ब्लॉक, स्टोन पाथवे, पीने के पानी की सुविधा, छायांकित विश्राम क्षेत्र, विद्युत का काम, साइनेज) • सीसीटीवी, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम	2022-23	50	30
6.	कर्नाटक	श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरू में तीर्थ सुविधाओं का विकास	• चामुंडी मंदिर परिसर में विकास (कतार मंडपम स्ट्रेच, बहुउद्देशीय क्षेत्र और मंच, क्लॉक रूम, प्रकाश व्यवस्था) • महिषासुर प्लाजा में तीर्थ सुविधाओं का विकास (सुविधा ब्लॉक, प्रवेश पत्थर आर्क, प्रकाश व्यवस्था)	2023-24	45.38	13.33

			• देवीकेरे में विकास (पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग, सीढ़ियों और मंडप का सौंदर्यीकरण) • नंदी प्रतिमा मंडप विकास (कतार मंडपम, पेवर क्षेत्र विकास) • देवी पद पुनर्विकास (सीढ़ी और मंडप का सौंदर्यीकरण, पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग) • सीसीटीवी, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, मेटल डिटेक्टर, बैग स्कैनर, पीपल काउंटर समाधान			
7.	कर्नाटक	श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौंदत्ती, बेलगावी का विकास	• तीर्थयात्रियों के आगमन केंद्र का निर्माण • तीर्थयात्रियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र का निर्माण • तीर्थयात्रा सूचना केंद्र (3) • कैंटीन या कैफेटेरिया का निर्माण • तीर्थयात्रियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र • सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण और स्थापना (2) • शौचालय से एसटीपी तक बाहरी पाइपलाइन • सौर पैनल स्थापना • स्मार्ट डिस्प्ले • सूचनात्मक और दिशात्मक संकेत • भूदृश्यांकन • पाथवे	2024-25	18.37	-
8.	कर्नाटक	पापनाश मंदिर, बीदर जिले का विकास	• जूता स्टैंड क्षेत्र, क्लॉक रूम और शौचालय ब्लॉक • पार्किंग क्षेत्र का विकास • जात्रा कॉम्प्लेक्स (प्रसाद की दुकानें) • तालाब के पास चेंजिंग रूम • तालाब क्षेत्र का उन्नयन • प्रसाद निलय • सांस्कृतिक और मनोरंजन केंद्र • जन सुविधा	2024-25	22.25	6.30

			• अन्ना दसोहा बिल्डिंग • 1 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी और पंप हाउस • सीढ़ियाँ और पैदल मार्ग • लैंडस्केप संबंधी कार्य • मुख्य प्रवेश द्वार • कंपाउंड वॉल और कांटेदार बाड़ का निर्माण • एसटीपी इकाई और प्लंबिंग कार्य • साइनेज बोर्ड • सीसीटीवी सिस्टम			
9.	मिजोरम	मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	• विरासत कॉन्ग्रीगेशन सेंटर, आइजोल • प्रार्थना पर्वत, ज़ुआंगताई (व्यूइंग गैलरी, साइनेज, बहुउद्देशीय हॉल और रसोई के साथ पीएफसी) • खुआंगचेरा गुफा में विकास कार्य (पीएफसी, गुफा में जाने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण) • कलवारी तियांग, आइजोल में विकास कार्य (सुरक्षात्मक रेलिंग, पीएफसी, प्रकाश व्यवस्था व्यवस्था, वर्षा आश्रय, साइनेज, लकड़ी के बेंच) • सीसीटीवी	2022-23	44.89	35.54
10.	मिजोरम	चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास	• वांगछिया सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र • पार्किंग • वर्षा जल संचयन टैंक • कंपाउंड वॉल • सुरक्षा केबिन वाला गेट • गेट का दरवाज़ा • सुरक्षा केबिन • 3D साइनेज • अपशिष्ट संग्रह और निपटान (मात्रा का उल्लेख करें) • सौर स्ट्रीट लाइट्स • बेंच • व्याख्यात्मक साइनेज	2024-25	5.47	1.56

11.	नागालैंड	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	• नागा प्रवेश द्वार • तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र • सुमी बैपटिस्ट चर्च की प्रकाश व्यवस्था • बहुस्तरीय कार पार्किंग • सीसीटीवी निगरानी प्रणाली	2022-23	18.18	15.45
12.	पंजाब	पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास	• गुरुद्वारा श्री कतलगढ़ साहिब में पर्यटन अवसंरचना का विकास (अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, रसोईघर का निर्माण, व्याख्या केंद्र, पार्किंग, अग्रभाग विकास) • थीम पार्क से विरासत गेस्ट हाउस तक नहर के किनारों पर तटबंध के साथ पैदल मार्गों का विकास • गुरुद्वारा श्री गढ़ी साहिब, गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब, गुरुद्वारा श्री रंजीतगढ़ साहिब, गुरुद्वारा श्री तर्री साहिब में पर्यटन अवसंरचना का विकास • यात्री टर्मिनल और संबंधित अवसंरचना का विकास • सीसीटीवी	2021-22	30.52	23.80
13.	पुदुचेरी	थिरुनल्लर में श्री धरबारण्येश्वर मंदिर और आध्यात्मिक पार्क के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास	• एकीकृत तीर्थयात्री प्लाजा • बंद पार्किंग (फाउंडेशन + जीएफ) और खुली पार्किंग का विकास • बैटरी चालित वाहन - कुल 10 • सड़कों और जंक्शनों पर दिशा-निर्देश बोर्ड 3.6 x2.4 मीटर • गंतव्य पर सूचना बोर्ड 3.6x2.4 मी. • चार्जिंग स्टेशन बोर्ड 09x1.2 मी. • नियंत्रण कक्ष और ऑडियो अनाउंसमेंट सिस्टम के साथ सीसीटीवी निगरानी प्रणाली • पार्किंग पर स्वचालित बूम बैरियर तथा प्रवेश/निकास पास	2024-25	25.94	0

			• बूम बैरियर के लिए प्रवेश तथा निकास नियंत्रण सॉफ्टवेयर • भस्मक संयंत्र			
14.	तमिलनाडु	नवग्रह मंदिर परिपथ (8 मंदिरों) का विकास	• वेटिंग लाउंज (कुल 3) • क्लॉक रूम (टाइप बी) • शौचालय (टाइप बी) • पडिथुराई (घाट) • पैदल यात्री मार्ग • पार्किंग फुटपाथ • लॉन और प्लांटर व्यवस्था • नवग्रह आकाशीय पार्क के लिए प्रावधान • वर्षा जल संचयन • बाहरी प्रकाश व्यवस्था • दिशासूचक संकेतक, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, कचरा पात्र के लिए प्रावधान	2024-25	40.94	11.75
15.	तेलंगाना	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगू में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	• इंटरप्रिटेशन सेंटर • एम्फीथिएटर • 4डी मूवी हॉल • मूर्तिकला पार्क • लेकफ्रंट का विकास • बस और कार पार्किंग क्षेत्र • सीसीटीवी निगरानी प्रणाली	2022-23	62	32.73
16.	तेलंगाना	भद्राचलम, भद्राद्रि, कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	• मुख्य मंदिर में विकास कार्य (फर्श बदलना, एमएस छत संरचना, प्रसादम उत्पादन के लिए मशीनीकरण) • मुख्य मंदिर के आसपास विकास (पहुँच मार्ग, तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, घाट क्षेत्र विकास- चेंजिंग रूम, शौचालय, जेट्टी) • शहर का प्रवेश द्वार (प्रवेश पुल, शौचालय और कैंटीन परिसर, कंपाउंड वॉल, चेन लिंक फेंसिंग, बैटरी चालित कारें) • परनासला और सीताम्मा वागु में विकास कार्य (तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, स्ट्रीट लाइट,	2022-23	41.38	16.30

			कियोस्क, फुट ओवर ब्रिज, शौचालय) • संबद्ध विकास कार्य (स्ट्रीट लाइटिंग, साइनेज, सीसीटीवी)			
17.	तेलंगाना	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम, बालकम्पेट, हैदराबाद में विकास कार्य	• अन्नदानम भवन • अन्नदानम भवन के लिए मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग सेवाएँ • सीसीटीवी निगरानी (आंतरिक और बाहरी सहित) • लिफ्ट संचालन के लिए डीजी सेट	2024-25	4.22	1.09
18.	उत्तराखंड	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा संबंधी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार	• गंगोत्री मंदिर में विकास कार्य (प्रवेश द्वार, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाएं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और पॉली कॉर्बोनेट से ढंकी हुई छत) • यमुनोत्री में विकास कार्य (एलईडी प्रकाश व्यवस्था, सौर एलईडी स्ट्रीट लाइट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, जानकी चट्टी से खरसाली तक अप्रोच रोड) • गतिशील भीड़ प्रबंधन प्रणाली, पलिक डिजिटल एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी	2021-22	54.36	10.22

*****

अनुबंध-I

श्री शशांक मणि और श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा एसडीएस 2.0 तथा 'प्रसाद' योजनाओं के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*11 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

'प्रशाद' संबंधी स्थलों पर आने वाले परियोजना-वार और वर्ष-वार पर्यटकों की संख्या का विवरण

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**वर्ष**	**पर्यटकों की संख्या**
1.	अमरावती का तीर्थयात्रा पर्यटन स्थल के रूप में विकास- श्री अमरलिंगेश्वर स्वामी मंदिर	2022	4,73,620
		2023	4,81,506
		2024	6,28,149
		2025	6,25,126
		2026 (जून तक)	3,45,126
2.	कुरनूल जिले में श्रीसैलम मंदिर का विकास	2022	39,77,510
		2023	39,57,032
		2024	69,03,564
		2025	62,40,665
		2026 (जून तक)	17,03,266
3.	श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर, सिम्हाचलम में विकास कार्य	2022	36,76,656
		2023	48,11,939
		2024	56,05,595
		2025	62,55,671
		2026 (जून तक)	42,73,410
4.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थयात्रा संबंधी अवसंरचना का विकास	2024	49,76,491
		2025	55,73,669
		2026 (जून तक)	39,01,569

*****

अनुबंध-II

श्री शशांक मणि और श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा एसडीएस 2.0 तथा 'प्रसाद' योजनाओं के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*11 के भाग (ङ) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73
2.	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98
3.	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02
4.	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36
5.	वाराणसी का विकास - चरण-II	44.60
6.	गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास	37.59

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**परिपथ/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2.	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3.	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91
4.	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51
5.	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संत कबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65

6.	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7.	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
8.	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	नैमिषारण्य	वैदिक - निरोगता अनुभव	17.8
2.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव	14.52

उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	24.98

उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05
2.	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24

*****